दिनांक : २९.०६.२०२४

राजस्थान पत्रिका, पृष्ठ नं : ०२

अहमदाबाद-गांधीनगर के बीच अगले माह दौड़ सकती है मेट्रो

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

गांधीनगर. अहमदाबाद में मोटेरा से लेकर गांधीनगर में सेक्टर-1 तक संभवतः अगले माह मेट्रो ट्रेन प्रारंभ हो जाएगी। फिलहाल मोटेरा से सेक्टर-1 तक ट्रायल रन चल रहा है। वहीं मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त आर.के. शर्मा भी अपनी टीम के साथ मेट्रो ट्रेन की सुरक्षा जांच प्रारंभ कर दी है। अगले तीन दिनों तक यह सुरक्षा जांच चलेगी। मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त से हरी झंडी मिलने के बाद अहमदाबाद और गांधीनगर वासी मेट्रो रेल में सफर कर सकेंगे। हालांकि अहमदाबाद-गांधीनगर के बीच चरण-2 के प्रोजेक्ट का फरवरी से चरणबद्ध तरीके से ट्रायल रन प्रारंभ हो गया था। जीएनएलयू, गांधीनगर सेक्टर-1 और गिफ्ट सिटी तक भी मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन प्रारंभ किया गया। गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अनुसार यह प्रोजेक्ट अहमदाबाद में नरेन्द्र मोदी स्टेडियम (मोटेरा) से महात्मा मंदिर तथा गिफ्ट सिटी को जोड़ने वाला है। यह 28 किलोमीटर का है, इसमें 22 स्टेशन हैं।